## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 25.05.2026 (सुबह – 0830 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज 66 हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से करेंगी सम्मानित, मरणोपरान्त दिशोम गुरू शिबू सोरेन को दी जाएगी पदम् भूषण पुरस्कार।**
2. **भगवान बिरसा मुडा की 150वीं जयन्ती के मौके पर अमित शाह ने किया ऐलान, जनजातीय समाज यूसीसी से रहेगा अलग।**
3. **राज्य के 47 स्थानों पर आज मनाया जाएगा दामोदर महोत्सव, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार करेंगें महोत्सव की शुरूआत।**
4. **राज्य में भीषण गर्मी से जनजीवन प्रभावित, कई जिलों में तापमान 45 डिग्री के करीब, मौसम विभाग ने गढ़वा–पलामू–चतरा में हीटवेव का अलर्ट किया जारी।**
5. **29वीं नेशनल सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता के तीसरे दिन टूटे कई रिकॉर्ड। देव मीणा, कुलदीप कुमार ने कॉमन वेल्थ के लिए किया क्वालीफाई।**

*******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज राष्ट्रपति भवन में 66 विशिष्ट लोगों को वर्ष 2026 के पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। मरणोपरान्त दिशोम गुरू शिबू सोरेन को पदम् भूषण पुरस्कार दिया जाएगा। समारोह में उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह भी उपस्थित रहेंगे। आज दो पद्म विभूषण, छह पद्म भूषण और 58 पद्मश्री अलंकरण दिए जायेंगे। पेश है

*******************

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार ने सभी जनजातीय समुदायों को समान नागरिक संहिता के दायरे से बाहर रखने के लिए विशेष प्रावधान किए हैं। इसका उद्देश्य उनके अधिकारों को पूरी तरह संरक्षित रखना है। नई दिल्ली् में जनजातीय सांस्कृतिक समागम को संबोधित करते हुए गृहमंत्री ने कहा कि समान नागरिक संहिता से किसी भी जनजातीय अधिकार का उल्लंघन नहीं होगा। धरती आबा भगवान बिरसामुंडा की विरासत का उल्लेलख करते हुए श्री शाह ने कहा कि उन्होंने संदेश दिया था कि वन भूमि पर जनजातीय समुदाय का स्वानमित्व होना चाहिए।

*******************

राज्य के सैंतालीस स्थानों में आज दामोदर महोत्सव मनाया जाएगा। इसकी शुरूआत लोहरदगा स्थित दामोदर नदी के उद्‌गम स्थल चूल्हा पानी में दामोदर महोत्सव आयोजित किया जाएगा। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार इस महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय करेंगे।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज से 11 जून तक राज्य के विकास योजनाओं की प्रगति और वर्तमान वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना को लेकर विभिन्न विभागों की समीक्षा करेंगे। समीक्षा बैठकों में आज जल संसाधन, पेयजल एवं वाणिज्य–कर विभाग, 26 मई को स्कूली शिक्षा, महिला एवं बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग, जबकि 27 मई को ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की समीक्षा की जाएगी।

*******************

बकरीद को लेकर सभी ज़िलो की पुलिस अलर्ट मोड में है और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी तैयारियाँ पूरी की जा रही हैं । इसे लेकर रामगढ़ पुलिस केंद्र में मॉक ड्रिल कराया गया। पुलिस अधिकारियों ने संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था करने और लोगों से भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। इधर रांची में बकरीद पर्व को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों के साथ महावीर मंडल, सेंट्रल मोहर्रम कमिटी, अंजुमन इस्लामिया और अन्य सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

*******************

सरकार ने पिछले 11 दिनों में चौथी बार पेट्रोल और डीजल के दामों में बढ़ोतरी की है। आज से देश भर में पेट्रोल 2 रुपये 61 पैसे ऑर डीजल 2 रुपये 71 पैसे महंगा कर दिया गया है। राजधानी रांची में अब पेट्रोल की कीमत 105 रुपये 24 पैसे प्रति लीटर हो गये हैं. जबकि डीजल की कीमत 100 रुपये 37 पैसे हो गये हैं। पिछले 11 दिनों में पेट्रोल की कीमतों में 7 रुपये 35 पैसे की बढ़ोतरी हो चुकी है. जबकि डीजल की कीमत में 7 रुपये 53 पैसे की बढ़ोतरी हो चुकी है।

*******************

दुमका के मसानजोर डैम में कल शाम नौका विहार के दौरान एक पर्यटक की डूबने से मौत हो गई। मसानजोर थाना प्रभारी अवधेश कुमार के अनुसार, घटना में चार पर्यटक तैरकर सुरक्षित किनारे आ गए, जबकि एक पर्यटक गहरे पानी में डूब गया।

इधर दुमका के शिकारी पाड़ा थाना क्षेत्र. में कल रात स्वर्ण व्यवसायी से लूटपाट की कोशिश की गई। इस दौरान अपराधियों ने हवाा में दो राउंड फायरिंग भी की। पुलिस मामले की छानबीन कर रही हैं।

*******************

सिमडेगा पुलिस ने गौ तस्करी के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। वरीय पुलिस उपाधीक्षक रनवीर सिंह ने बताया कि आरोपी गौवंशीय पशुओं की अवैध तस्करी में शामिल था और ओड़िसा से सिमडेगा होकर पशुओं से लदे वाहनों को पार कराने का काम करता था।

*******************

राज्य भर में पड़ रही भीषण गर्मी और लू से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। राज्य के कई जिलों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है। डाल्टनगंज राज्य का सबसे गर्म शहर रहा, जहां अधिकतम तापमान चौवालीस दशमलव .8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं रांची में भी पारा उनचालीस डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। मौसम विभाग ने आज गढ़वा, पलामू और चतरा जिलों में हीटवेव को लेकर अलर्ट जारी किया है।

*******************

भीषण गर्मी और लू के कारण पिछले तीन दिनों में जमशेदपुर पांच लोगों की मौत की खबर सामने आई है। ताजा मामला गोलमुरी थाना क्षेत्र के न्यू केबल टाउन बस्ती का है, जहां बिरला मंदिर के पास एक व्यक्ति अचानक बेहोश होकर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे जांचा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

*******************

29वीं नेशनल सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता के तीसरे दिन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई नए रिकॉर्ड बनाए। प्रतियोगिता में पोल वॉल्ट, लंबी कूद, ऊंची कूद और हर्डल्स स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने कॉमनवेल्थ क्वालीफिकेशन हासिल कर अपनी प्रतिभा का दम दिखाया। एक रिपोर्ट

*******************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

राज्य के लगभग सभी अखबारों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की आज से की जाने वाली समीक्षा बैठकों की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
**दैनिक भास्कर** ने लिखा है– आज से 11 जून तक सीएम करेंगे विकास योजनाओं की समीक्षा।
प्रभात खबर की सुर्खी है राज्य के सभी हाइस्कूल होंगे प्लस टू में अपग्रेड
दैनिक जागरण और हिंदुस्तान ने राज्य में बढ़ती गर्मी के प्रकोप को सुर्खी बनाई है।

*******समाप्त*************